# होली की खुशियां मातम में बदलीं, 6 की मौत

## रंग खेलते समय छत से गिरकर मासूम सहित दो और अलग-अलग सड़क हादसों में चार की जान गई

संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** होली की खुशियों के बीचे हुए हादसो में पांच लोगों की मौत होनें से माहौल गमगीन हो गया। रंग खेलते समय छत से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हुई तो बंदरों के घुड़की देने से छत पर रंग खेल रही तीन साल की बच्ची छत से गिर गई और उसकी मौत हो गई। मामा भांजे की बाइक के आगे भैंस आने से मामा की मौत हो गई। आंवला में टैपू की टक्कर से और हादसे में छह साल की बालिकाकी मौत हो गई।

**अनियंत्रित बाइक भैंस से टकराई, मामा की मौत**

**मऊचन्दपुर, अमृत विचार :** मऊ चन्दपुर के रामनगर मार्ग पर बुधवार को एक सड़क हादसे में मामा-भांजे घायल हो गए। घायलों को सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिा अस्पताल रेफर किया गया जहां मामा की मौत हो गई। ग्राम कंधरपुर के पास हुआ। आंवला तहसील के गांव नंदगांव जगतीरा निवासी कुंवरसेन अपने भांजे कुलदीप (निवासी ग्राम मडियाभांसी, थाना कुंवर गांव) के साथ बाइक से जा रहे थे। तभी अचानक उनकी बाइक के सामने एक भैंस आ गई, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर भैंस से टकरा गई।

टक्कर में कुंवरसेन और कुलदीप दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी आंवला में डॉक्टरों ने कुंवरसेन की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान कुंवरसेन की मृत्यु हो गई ।

**दुर्घटना में छह साल की बच्ची की मौत, दो घायल**

**आंवला:** तहसील तिराहे के पास तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से ई-रिक्शा सवार छह साल की बच्ची की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए।

थाना क्षेत्र के गांव गुलेली निवासी नेहा पत्नी रंजीत सिंह अपने दो बच्चों सिद्धि (6) और रेहांस (5) के साथ ई-रिक्शा से बरेली जाने के लिए पुरैना बस स्टैंड जा रही थी। जैसे ही ई-रिक्शा तहसील तिराहे के पास पहुंचा, सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में नेहा और उनका बेटा रेहांस घायल हो गए, जबकि बेटी सिद्धि की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिकअप और ई-रिक्शा को कब्जे में लेकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आंवला भेजा, जहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

### बंदरों के डर से छत से गिरी मासूम की हुई मौत


मृतक आकांक्षा

**रिठौरा, अमृत विचार :** थाना इज्जतनगर क्षेत्र के गांव मुंडिया अहमदनगर में बंदरों के डर से छत से गिरकर तीन वर्षीय मासूम की मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार अर्जुन साहू की तीन वर्षीय बेटी आकांक्षा उर्फ तनिष्का बुधवार सुबह परिवार के अन्य बच्चों के साथ घर की छत पर होली खेल रही थी। इसी दौरान बंदरों का एक झुंड छत पर आ गया। तनिष्का के हाथ में गुलाल की थैली देखकर एक बंदर उसकी ओर झपट पड़ा और घुड़की देने लगा। अचानक हुए इस घटनाक्रम से मासूम बुरी तरह घबरा गई। डर के कारण पीछे हटते समय उसका संतुलन बिगड़ गया और वह छत से नीचे सड़क पर गिर गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन तुरंत खून से लथपथ बच्ची को शहर के अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही मां ममता बेहोश हो गईं। परिवार में मातम छा गया। मृतका दो बहनों में दूसरे नंबर की थी। पिता मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। तनिष्का गांव के ही आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने जाती थी। ग्राम प्रधान धर्मेंद्र पटेल और पूर्व प्रधान वेदप्रकाश पटेल ने गांव में बंदरों और आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक पर चिंता जताई और प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की। बीजेपी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रमुख शोध विभाग शिवमंगल सिंह राठौर ने भी परिवार से मिलकर सांत्वना दी।

### छत पर होली खेलते समय व्यक्ति की गिरकर मौत

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** छत पर होली खेल रहे व्यक्ति की गिरकर मौत हो गई। इससे गांव में त्योहार में गम का माहौल हो गया। घंघोरा पिपरिया निवासी पिंटू शर्मा उर्फ चूरामल (39) परिजनों के साथ घर की छत पर बुधवार दोपहर होली खेल रहे थे। इसी दौरान वह अचानक छत से नीचे गिर गए जिससे शरीर में गंभीर चोटें आयीं। परिजन सीएचसी लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक पिंटू शर्मा शरिया शटरिंग का काम करते थे और अविवाहित थे। बडे.भाई मजदूरी करते हैं। परिजन ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

### हाईवे पर वाहन की टक्कर से महिला की मौत

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** बुधवार को हाइवे पर धनेटा फाटक से आगे अज्ञात वाहन की टक्कर से दिल्ली से घर लौट रही बाइक सवार महिला की मौत हो गयी। जबकि बाइक चला रहा उनका भतीजा गंभीर घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक शाहजहांपुर के थाना कटरा के गांव जैतीपुर निवासी कविता (40) अपने पति राजकुमार और भतीजे सुनील के साथ दिल्ली में मजदूरी करती थी। देवर अंकुर ने बताया शाहजहांपुर में एक रिश्तेदार के यहां गमी की होली पर सुनील के साथ दिल्ली से घर लौट रहे थे। बुधवार सुबह को धनेटा पर चाय पीने के बाद जैसे ही आगे बड़े तभी किसी वाहन ने टक्कर मार दी। इससे कविता की मौत हो गई। सुनील घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल को जिला अस्पताल भेजागया। अंकुर ने बताया कटरा में एक आवासीय प्लॉट खरीदने के लिए डेढ़ लाख रुपए, सोने की चैन बैग में रखकर ला रही थीं। जो परिजनों को नहीं मिला। थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह ने बताया परिजनों पुलिस को ऐसा कुछ नहीं बताया है। अगर इस तरह की तहरीर देंगे तो इसकी भी जांच कराई जायेगीं।

### टेंपो की टक्कर से बाइक सवार की मौत


मृतक कांता प्रसाद

**शेरगढ़, अमृत विचार :** होली मिलने जा रहे बाइक सवारों की बाइक को सामने से आ रहे टैंपू ने अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कस्बा व थाना शेरगढ़ के मोहल्ला शिव मंदिर निवासी किसान कांता प्रसाद (48 वर्ष) अपने छोटे भाई रामेश्वर के साथ बुधवार को रिस्तेदारी में होली मिलने जा रहे थे। शेरगढ़-ब्योंधा मार्ग पर गौशाला के निकट उनकी बाइक को सामने से आ रहे टैंपू ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बाइक सवार दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन घायलों को भोजीपुरा के अस्पताल ले गए। यहां गंभीर रूप से घायल कांता प्रसाद को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। दूसरे भाई का बरेली के अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। मृतक के पिता का दो वर्ष पहले निधन हो चुका है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम को भेजा गया है। घटना के मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## क्रासिंग बंद, ट्रेन से टकराई बाइक बड़ा हादसा टला

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** बिलपुर क्षेत्र की हुलासनगरा रेलवे क्रॉसिंग पर गुरुवार को युवकों की लापरवाहीसे बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बन्द क्रॉसिंग के बीच से बाइक निकालने की कोशिश के दौरान बाइक मऊ से अम्बाला जा रही 05301 होली स्पेशल ट्रेन से टकरा गई और ट्रेन के इंजन में फंस गई और दो किलोमीटर तक घिसटती हुई दो टुकड़ों में बंट गई।

घटना गुरुवार शाम करीब पांच बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ युवक बन्द रेलवे क्रॉसिंग के बीच से बाइक निकालकर ट्रैक पार करने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान ट्रेन वहां पहुंच गई। अचानक बाइक ट्रैक में फंस गई और ट्रेन से टकरा गई।

लोको पायलट ने इंजन में बाइक फंसी देख तुरंत ट्रेन रोक दी आरपीएफ और रेलवे के तकनीकी कर्मचारी मौके पर पहुंचे। मशक्कत के बाद इंजन में फंसी बाइक को बाहर निकालकर ट्रैक साफ कराया गया, जिसके बाद ट्रेन को रवाना किया गया। घटना के कारण कुछ समय के लिए रेल संचालन प्रभावित रहा। वंदे भारत ट्रेन को कटरा स्टेशन पर रोकना पड़ा। बिलपुर क्रॉसिंग करीब 50 मिनट तक बन्द रहने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। टक्कर के बाद बाइक सवार युवक मौके से फरार हो गए। आरपीएफ उनकी तलाश कर रही है। एसएसओ बिलपुर अभिषेक कुमार ने बताया कि बाइक इंजन में फंसने के कारण थोड़ी देर के लिए ट्रैक बाधित हुआ था, जिसे जल्द ही साफ कर संचालन सामान्य कर दिया गया।

## दहेज के लिए महिला को बनाया बंधक

संवाददाता, फरीदपुर

**अमृत विचार:** नवविवाहिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने, मारपीट करने और कई दिनों तक बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाते हुए फरीदपुर कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी है, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित रीता निवासी त्रिलोकपुर मदनापुर, शाहजहांपुर ने बताया कि 10 माह पहले फरीदपुर के मोहल्ला भरतपुर निवासी अंकित, पुत्र विजयबहादुर के साथ उसकी शादी हुई थी। शादी में पिता ने करीब छह लाख रुपये खर्च किए थे। इसके बावजूद ससुराल पक्ष की मांगें खत्म नहीं हुईं। आरोप लगाया कि शादी के कुछ ही समय बाद से उससे बुलेट मोटरसाइकिल, सोने की चेन और अंगूठी की मांग की जाने लगी। जब भी मैं मना करती, मुझे पीटा जाता। कई बार खाना तक नहीं दिया गया

रीता का कहना है कि करीब दस दिन पहले जब उसने मायके जाने की बात कही, तो पति अंकित, ससुर विजयबहादुर और सास ओमवती ने मिलकर उसे धमकाया। कथित तौर पर कहा गया कि जब तक दहेज की मांग पूरी नहीं होगी, तब तक उसे घर से बाहर नहीं जाने दिया जाएगा। इसके बाद उसे घर में ही बंधक बनाकर रखा गया।

पीड़िता ने 2 मार्च को उसने किसी तरह मौका पाकर फोन से अपने मायके वालों को सूचना दी। जब मायके वाले वहां पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई और गालियां दी गईं। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है

## जमीन विवाद में हमला, पथराव में छह घायल

संवाददाता, मीरगंज,

**अमृत विचार:** क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में जमीन और आपसी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की घटनाएं सामने आईं। दोनों मामलों में लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चले, जिससे कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**दो पक्षों में हिंसक झड़प, रिपोर्ट दर्ज :** थाना शाही क्षेत्र के गांव वसावनपुर में जमीन विवाद को लेकर मंगलवार रात दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। आरोप है कि ढाकनलाल पक्ष के लोगों ने बंटी के घर पर हमला कर पथराव किया, जिसमें बच्चों समेत छह लोग घायल हो गए।

बताया जाता है कि बंटी और ढाकनलाल के बीच खेत में लगे पॉपुलर और यूकेलिप्टस के पेड़ों के मालिकाना हक को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। बंटी का कहना है कि पेड़ उसके खेत में थे, जबकि ढाकनलाल उन पर अपना दावा कर रहा था। करीब आठ महीने पहले बंटी ने ये पेड़ एक ठेकेदार को लगभग 15 हजार रुपये में बेच दिए थे। इसके बाद ढाकनलाल ने पेड़ों को अपना बताते हुए पुलिस में शिकायत कर दी थी। उस समय क्षेत्र के कुछ लोगों ने मामले में बंटी के पक्ष में फैसला किया था, लेकिन विवाद पूरी तरह खत्म नहीं हुआ।

बंटी पक्ष का आरोप है कि होली के मौके पर ढाकनलाल पक्ष के लोग इकट्ठा होकर मंगलवार रात करीब दस बजे उसके घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने दरवाजा तोड़कर घर में घुसकर मारपीट की। कुछ देर बाद वे फिर लौटे और घर पर पथराव कर दिया। घटना में बंटी उर्फ मुन्ना लाल, रघुवीर, सत्यवीर, रंजीत, चेतराम और रेशमा घायल हो गए। बंटी की हालत गंभीर बताई जा रही है। दूसरे पक्ष का मुकेश भी भागते समय गिरकर घायल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपी फरार हो गए। बंटी की मां पूरन देई की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।


छत पर पड़ी ईंटें । • अमृत विचार

- **थाना शाही के वसावनपुर में हुए पथराव में कई लोग घायल**
- **मीरगंज में सिमरिया में दो परिवारों में विवाद के बाद पथराव**

### दो परिवारों में लाठी-डंडे चले, तीन घायल

**मीरगंज,** थाना मीरगंज क्षेत्र के गांव सिमरिया के मझरा रम्पुरा किसानान में दो परिवारों के बीच मारपीट हो गई। झगड़े में लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चले, जिससे दोनों पक्षों के तीन लोग घायल हो गए। रम्पुरा किसानान निवासी मगन बिहारी के अनुसार एक मार्च की शाम करीब सात बजे पड़ोसी कृष्णपाल, धर्मेंद्र, बालजीत और रामचरन ने उन पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने ईंट-पत्थर और नल के हत्थे से उन्हें पीटा, जिससे वह घायल हो गए और उनके दांत टूट गए। बचाने आई उनकी गर्भवती पत्नी रूमा देवी के साथ भी मारपीट की गई। वहीं दूसरे पक्ष के वेदराम का आरोप है कि सूरज, वीरेंद्र और मगन बिहारी ने उन्हें और उनके परिजनों को लाठी-डंडों से पीटा। आरोप है कि वीरेंद्र ने उनके सिर पर नल का हत्था मार दिया, जिससे वह घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा है और मामले की जांच की जा रही है।

### भाभी की मदद से दो सगी ननदों को अगवा कर ले गया शोहदा

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** गांव मे बहू ने दो ननदों को शोहदे से अगवा कराने में मदद की और खुद भी घर से फरार हो गई। पिता ने युवक और फरार बहू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। अगवा वहनों के पिता ने पुलिस को बताया कि 2 मार्च की सुबह करीब 4 बजे पास के ही गांव रम्पुरा माफी का रहने वाला नाजिम पठान पुत्र हन्सार उनकी दो बेटियों को बहला-फुसला कर अपने साथ भगा ले गया। पूरी घटना की साजिश में उसके वेटे की पत्नी सायस्ता बी भी शामिल है। बहू की सलाह और मदद से ही दोनों लड़कियां आरोपी के साथ गई हैं। घटना के बाद से बहू भी घर से फरार है। पुलिस ने अगवा बहनों के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और दावा किया है कि जांच शुरु कर दी है। शीघ्र ही घटना में शामिल सभी लोग पुलिस की गिरफ्त में होगे। वह ज्यादा दिन तक सुकून से नहीं रह पाएंगे और पकड़े जाएंगे।

### धार्मिक झांकियों के साथ निकला जुलूस

**दुनका, अमृत विचार :** गांव दुनका में तिलहाड़ी का जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से निकाला गया। दर्जन भर से अधिक गांवो के लोग जुलूस मे शामिल हुए। यह बड़े मंदिर से प्रारंभ होकर मंडी पर पहुंचा। जुलुस मे धार्मिक झांकियां मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र रही। जुलुस अपने निर्धारित मार्ग पर होते हुए नागा बाबा मढ़ी पहुंच कर संपन्न हुआ। होली के तीसरे दिन हर्षोल्लास के साथ तिलहाड़ी का जुलूस निकाला जाता है जिसमें अनेक प्रदेशों से कलाकार बुलाए जाते हैं जिसमें तमाम प्रकार की झांकियां प्रतिभाग करती हैं।

## मारपीट की 5 घटनाओं में 22 पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता बरेली

**अमृत विचार :** होली के आसपास जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मारपीट की पांच घटनाएं सामने आई हैं। कहीं घरेलू विवाद तो कहीं रास्ता रोककर और घर में घुसकर हमला किया गया। इन घटनाओं में कई लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर कुल 22 आरोपियों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**पुत्र ने पिता पर सिर पर किया हमला, गंभीर**

**फतेहगंज पश्चिमी :** बुधवार को शराब के नशे में धुत बेटे ने पिता पर जान लेवा हमला करके उसका सिर फाड़ दिया। जिससे उनकी हालत गंभीर बनी है। परिजनों ने उन्हें बरेली निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। छोटे भाई की तहरीर पर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। गांव कुरतरा निवासी तुलाराम गंगवार घर में अकेले दो बेटे के साथ रहते है। उनकी पत्नी का पहले ही मौत हो गई है। रंग खेलने के दौरान उनके बड़े बेटे ऋषि गंगवार ने शराब पी रखी थी। पिता ने जब शराब का विरोध कर दिया। जो उसे इस कदर नागवार लगा। उसने लोहे की रॉट से हमला करके उनका सिर फाड़ दिया। पिता बेसुध होकर जमीन पर गिर गए। तभी भाग गया। परिजनों ने उन्हें बरेली निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। बृहस्पतिवार को उनके बेटे छोटे गंगवार ने पुलिस को तहरीर दी है। जिस पर पुलिस जांच कर रही है।

### कैंट में दबंगों ने दंपती और पुत्री को पीटा

**कैंट, अमृत विचार :** क्षेत्र में ऑटो रिक्शा से ससुराल होली मिलने जा रहे युवक और उसके दो भाइयों को रास्ते में रोककर लोहे के पाइप से पीट दिया गया। थाना बिथरी चैनपुर के गांव खजुरिया ब्रह्मान निवासी धर्मवीर सिंह ने बताया कि वह अपने भाइयों हरवीर और सोनू सोनकर के साथ पुराना मोहनपुर जा रहा था। रास्ते में नन्हे, राजेंद्र, अभय और मिथुन ने उन्हें रोककर मारपीट कर दी, जिससे तीनों भाई घायल हो गए। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र में घर में परिवार के साथ होली का पर्व मना रही महिला के घर में घुस कर उनके पति और पुत्र को पीटकर घायल कर दिया। यह लोग महिला के परिवार से रंजिश रखते हैं। थाना क्षेत्र के गांव परगवां निवासी रूपा देवी पत्नी इंद्रदेव ने बताया, कि वह बुधवार अपने घर में होली मना रही थी। इसी दौरान गांव का ही अमल सैनी अपने भाइयों राम गोपाल, अर्जुन तथा ललित के साथ पुराने विवाद को लेकर गाली गलौज कर रहा था। विरोध करने पर चारों भाइयों ने लाठी डंडों से महिला को पीटना शुरू कर दिया। बचाने आए पति इंद्रदेव तथा पुत्री लक्की को भी बुरी तरह पीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग आ गए। इस पर आरोपी धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर कैंट पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गाली देने का विरोध करने पर पीटा, 7 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**आंवला, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम मनोना में घरेलू विवाद के दौरान मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता सुनीता देवी पत्नी राजू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही धूप सिंह और उसके साथियों ने लकड़ी से उसके पति राजू पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। बीच-बचाव करने पर आरोपियों ने महिला के साथ भी मारपीट और अभद्रता की। पुलिस ने धूप सिंह समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

आंवला के मोहल्ला कच्चा कटरा में घर में घुसकर मारपीट का मामला भी सामने आया है। सचिन प्रजापति ने बताया कि वह घर पर मोटरसाइकिल साफ कर रहा था, तभी जितेंद्र यादव, भोला यादव, कुबेर यादव, देवेंद्र यादव, रोहित यादव और ज्ञानदीप उर्फ राय साहब समेत अन्य लोग घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।


बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक
सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005




बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

**न्यूज ब्रीफ**



### रिठौरा में निकाली गई राम बारात शोभायात्रा

**रिठौरा :** होली का पर्व क्षेत्र में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। रिठौरा, भंडसर, बंजरिया, सावरखेड़ा, कलापुर, बरकापुर, मुंडिया अहमदनगर, चावड़, कुम्हरा, आदि में होली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान नगर में भगवान राम की बारात के साथ भगवान नृसिंह की शोभायात्रा निकाली गई, , आगे -आगे हुरियारों की टोली रंग -गुलाल से एक दूसरे को सराबोर करती हुई आगे बढ़ रही थी।

### 'ना जाने कौन आ गया' फिल्म आज होगी रिलीज

**बरेली, अमृत विचार :** शहर के सौ फुटा रोड, वीर सावरकर नगर निवासी फिल्मकार विकास अरोरा की बहुप्रतीक्षित फिल्म ' 'ना जाने कौन आ गया ' ' शुक्रवार को को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्मकार विकास अरोरा वर्ष 2005 से मुंबई में प्रोफेशनल फिल्म एडिटर, डायरेक्टर और राइटर के रूप में सक्रिय हैं। उन्होंने इस फिल्म के माध्यम से एक सशक्त और रोचक कहानी को बड़े पर्दे पर प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। फिल्म में प्रमुख भूमिकाओं में अभिनेता जतिन सरना, अभिनेत्री मधुरिमा रॉय और अभिनेता प्रणय पचौरी नजर आएंगे। विकास अरोरा की बहन पूजा अरोरा ने भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### प्रेमी की मौत के बाद प्रेमिका ने भी तोड़ा दम

**भमोरा, अमृत विचार :** प्रेमी की मौत के बाद अस्पतालमें भर्ती प्रेमिका की भी मौत हो गई। परिजन ने पुलिस को सूचना दिए बगैर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। चार दिन पहले प्रेमिका ने जहर खा लिया था। परिजन ने उसे अस्पताल में भर्ती करा दिया था। जहां उसका इलाज चल रहा था। इसी दौरान प्रेमी ने फंदे पर लटककर जान दे दी थी।



जुलूस के दौरान हुरियारों संग पुलिस ने सुरक्षा और शांति कायम रखने की जिम्मेदारी निभाई।



दुनका में तिलाहाड़ी का जुलूस बड़े उत्साह के साथ निकाला गया। ● अमृत विचार



नवाबगंज में होली के जुलूस के दौरान रंगों की मस्ती में नाचते लोग। ● अमृत विचार

# होली पर जगह-जगह निकले जुलूस, पुलिस रही मुस्तैद

## रंगों की मस्ती के बीच हर्षोल्लास से मनाया होली का पर्व, कहीं कोई झड़प नहीं



फिरोजपुर में होली जुलूस में एसडीएम आलोक कुमार, सी ओ अजय कुमार।



सेंथल में आखत डालने जाते समय लोगों पर पुष्प वर्षा करते मुस्लिम समुदाय के लोग।

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचारः** थाना शाही के गांव दुनका और फिरोजपुर में होली पर जुलूस निकला। दुनका में तिलाहाड़ी का जुलूस बड़े उत्साह के साथ निकाला गया। यह जुलूस गुरुवार को शाम तक चलता रहा, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण और आसपास के गांवों के लोग शामिल हुए। जुलूस पारंपरिक मार्गों से होकर गुजरा, जिन रास्तों से हर वर्ष यह आयोजन होता है। इस दौरान देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। डीजे और पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ श्रद्धालु पूरे उत्साह से जुलूस में शामिल हुए।जुलूस को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। उपजिलाधिकारी आलोक कुमार, सीओ अजय कुमार, सीओ बहेड़ी सहित कई थानों की पुलिस बल मौके पर तैनात रहा।प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में यह जुलूस शांतिपूर्वक और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। इस दौरान शाही क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ कई कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

मीरगंज कोतवाली में क्षेत्र में होली का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के बाद पुलिसकर्मियों ने गुरुवार को जश्न मनाया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर सहित समस्त स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । कोतवाली परिसर का माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो गया। इस दौरान सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं।इसके अलावा गांव देहात में भी होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया।

### सेंथल में मुस्लिम समुदाय ने पुष्पवर्षा कर पेश की एकता की मिसाल

**सेंथल, अमृत विचार :** होली के त्योहार पर रंग खेलने के बाद जब हिंदू समुदाय के लोग आखत डालने पहुंचे, तो मुस्लिम समुदाय के युवाओं ने फूलों की वर्षा कर उनका स्वागत किया और गले लगाकर होली की बधाई दी। यह दृश्य कस्बे में दोनों समुदायों के बीच गहरे भाईचारे को दर्शाता है। इस वर्ष रमजान और होली एक ही माह में पड़ने से पर्व का आनंद दोगुना हो गया है, जो कस्बे में एकता और भाईचारे की भावना को और मजबूत करता है। कस्बा निवासी इम्तियाज रजवी ने बताया कि रमजान और होली का एक साथ आना एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों द्वारा सौंपी गई सामाजिक सद्भावना की विरासत को बनाए रखने की जिम्मेदारी युवाओं पर है। इस अवसर पर शाहिद नबी, इम्तियाज रजवी, कंबर एजाज शानू, सरफराज इदरीसी और अकरम खान सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

### हुरियारों ने जमकर खेली होली, गले मिले

**क्योलडिया :** रंगों का पर्व होली क्षेत्र में आपसी सौहार्द और उल्लास पूर्वक मनाया गया । होलीके रंगों में सरोबार हुरियारे होली के गीत पर जमकर नाचते गाते और थिरके और अबीर गुलाल उडाया। होली जुलूस के रास्ते में पडने वाली मस्जिदो को पुलिस ने त्रिपाल से ढक दिया था ताकि कोई खुराफात ना हो सके। साथ ही भौआ बाजार करुआ साहिबगंज नकटी नारायणपुर ठिरिया बन्नोजान नक्टी नारायणपुर समेत आदि गांव में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इसके बाद लोगों ने अबीर गुलाल का टीका लगाकर और एक दूसरे को गले मिलकर होली की मुबारकबाद दी।

## हर्षोल्लास के साथ निकला होली का जुलूस

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचारः** रंगों का पर्व होली नगर में पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। बुधवार दोपहर नगर में हुरियारों का पारंपरिक जुलूस निकाला गया, जो विभिन्न मार्गों से होकर गुजरते हुए शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। जुलूस के सकुशल संपन्न होने के बाद पुलिस प्रशासन ने भी राहत की सांस ली।

बाबू राम धर्मशाला से दोपहर बाद होली का जुलूस शुरू हुआ। होली समिति के अध्यक्ष राजीव गुप्ता के नेतृत्व में निकला यह जुलूस कस्बे के मुख्य बाजार से होते हुए कचहरी रोड से होते हुए कबाड़खाना रोड होकर पुनः बाबू राम धर्मशाला पहुंचकर समाप्त हुआ। जुलूस में शामिल युवक ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए एक-दूसरे पर रंग और गुलाल उड़ाते चल रहे थे। जुलूस में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि नीरेंद्र सिंह राठौर, राजकुमार गुप्ता विनोद गुप्ता, नंदकिशोर श्रीवास्तव, अनिल गंगवार ,हरपाल सिंह गंगवार, सहित बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल रहे। होली के जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा। सुरक्षा व्यवस्था के लिए कोतवाली पुलिस भारी फोर्स के साथ मौजूद रही। इससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सका।

### पुलिसकर्मियों ने भी मनाई होली, किया डांस

होली का पर्व शांतिपूर्वक संपन्न होने के बाद गुरुवार को कोतवाली परिसर में पुलिसकर्मियों ने भी एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली मनाई। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव समेत उपनिरीक्षकों और अन्य पुलिसकर्मियों ने डीजे की धुन पर जमकर नृत्य किया।

### होली समिति अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

बुधवार को होली का जुलूस संपन्न होने के एक दिन बाद गुरुवार को होली समिति के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उनका इस्तीफा सोशल मीडिया पर सामने आते ही लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया और इस पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आने लगीं। हालांकि इस्तीफे के कारणों को लेकर अभी कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

### भुता में शांति से खेली गई होली

**भुता, अमृत विचार :** ग्राम केसरपुर के होली के जुलूस में मौजूद रहकर जुलूस को शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न कराया। क्षेत्र के सभी इलाकों में किसी भी तरह की घटना देखने को नहीं मिली। क्षेत्र में ग्रामीणों ने शांतिपूर्वक होली का त्योहार बनाया। गुरुवार को थाने में पुलिसकर्मियों ने सुबह से ही होली का जश्न बनाना शुरू कर दिया। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने सभी लोगों का मुंह मीठा कराकर सबका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सभी पुलिस कर्मी गुलाल खेलते हुए होली के गीतों पर खूब नाचते झूमते दिखाई दिए।

### अलीगंज में भाईचारे से मनाया गयी होली

**आंवला /अलीगंज :** होली का त्योहार हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही लोग एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते नजर आए। बच्चों और युवाओं में अच्छा खासा उत्साह देखा गया। अलीगंज मझगवा गैनी राजपुर कला आदि में चौपाई निकली गई जिसमें लोगों ने होली के गीतो पर नाचते गाते हुए त्यौहार का आनंद लिया। थाना क्षेत्र में पुलिस बल तैनात रहा। सभी ने एकजुटता और मिलजुलकर रंग खेला कहीं से कोई झड़प होने की जानकारी मिली।

### मुस्लिमों ने गले मिलकर दी होली की शुभकामनाएं

**बिशारतगंज :** कस्बा के आसपास के गांव में होली का उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया सभी लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर शुभकामनाएं दी। हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल यह भी रही कि कुछ मुस्लिम व्यक्तियों ने भी हिंदुओं के गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी

# बहेड़ी में हुरियारों की टोली में शामिल सांसद ने जमकर खेली होली

संवाददाता, बहेड़ी

**अमृत विचारः** होली का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हो गया। सुबह तड़के शुरू हुआ रंग खेलने का सिलसिला दोपहर तक चला। गीत-संगीत और ढ़ोल की थाप के साथ लोगों ने रंगों का लुत्फ फुल मस्ती के साथ लिया। एक दूसरे को गले लगकर लोगों ने एक दूसरे को होली की मुबारक बाद दी। बरेली के सांसद छत्रपाल सिंह ने भी यहाँ होली खेली।

होलिका दहन में लोगों ने परम्परागत तरीके से पूजा-अर्चना की, और इसके बाद से रंग-गुलाल चलने लगा।हुरियारों ने कई जगहों पर रंगों का मोर्चा लगाया हुआ था। हुरियारों की एक टोली में बरेली के सांसद छत्रपाल सिंह भी शामिल हुए। तमाम बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ सांसद ने शहर के मोहल्लों में भी जाकर लोगों से होली मिली। शाम से लोगों का घरों पर जाकर होली की मुबारक बाद देने का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर रात तक चला। जिन घरों में गमी की होली थी, वहां उनके परिचितों के मिलने जाने का सिलसिला भी चला। होली पर ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों और अधिकारियों को भी रंग लगाया।



बरेली के सांसद छत्रपाल सिंह ने बहेड़ी में खेली होली। ● अमृत विचार

### जुलूस निकालने के दौरान पुलिस रही सतर्क

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** कस्बा व ग्रामीण अंचल में बुधवार को होली पर्व के मौके जुलूस निकाले गए। इस दौरान रंग-गुलाल खेलते हुरियारों ने खूब धमाल मचाया। बुधवार को कस्बा के प्राचीन ठाकुरद्वारा मंदिर से राम बारात की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पूजा-अर्चना और आरती के बाद भगवा ध्वज फहराकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। हुरियारों ने जय नरसिंह देव का जयघोष किया। यात्रा साहूकारा होते हुए मुख्य बाजार, लोधी नगर चौराहा और अंसारी मोहल्ला से होकर गुजरी। रास्ते में जगह-जगह लोगों ने राम बारात का स्वागत किया। शोभायात्रा वापस ठाकुरद्वारा मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। इनमें गोविंद गुप्ता, सतीश अग्रवाल, शंकर लाल गुप्ता, नवीन गुप्ता, मनोज गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।गांव कुरतरा में भी होली का जुलूस निकाला गया। शोभायात्रा दूसरे समुदाय की बस्ती से गुजरने पर पुलिस फोर्स बड़ी संख्या में मौजूद रहा।

## होलिका दहन के बाद गाए होली गीत और थिरके



एक दूसरे को रंग लगाने के बाद होली मिलन के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, शेरगढ़

**अमृत विचार :** क्षेत्र में आपसी भाईचारा एवं मेल मिलाप का त्योहार होली शांतिपूर्ण माहौल में सौहार्द के साथ मनाया गया। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर होली कीशुभकामनाएं दीं। कस्बा शेरगढ़ व आस पास के गांव में होली का त्यौहार उत्साह के साथ मनाया गया। होलिका दहन के बाद महिलाओं ने अपने घरों में होली गीत गाए। वहीं झूमते गाते लोग डीजे की धुन पर जमकर थिरके और होली का जश्न मनाया। बुजुर्गों, युवाओं समेत हर कोई अबीर गुलाल में रंगा नजर आया । बच्चों ने भी जमकर लुत्फ लिया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख भूपेंद्र कुर्मी, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रमोद अग्रवाल, भूपराम श्रीवास्तव, चौधरी जसबंत सिंह, राकेश कुमार गंगवार, रमेश चंद्र शर्मा, दिनेश शर्मा, अमित सुमित उपाध्याय, डॉ नत्थूलाल गंगवार, भानु प्रताप श्रीवास्तव, हरीश कुमार गंगवार, भुवन चंद्र राठौर, मिढ़ई लाल गंगवार आदि समेत बड़ी संख्या में लोगों ने गले मिल होली त्यौहार की शुभकामनाएं दीं।



होली के रंग के बीच मस्त बालक।

# भोजीपुरा में भाईचारे के साथ मनाई होली

संवाददाता, भोजीपुरा

**अमृत विचारः** कस्बा धौरा टांडा साहित भोजीपुरा , घंघोरा -पिपरिया , सुरला , गोपालपुर सागरपुर, मझौआ आदि सहित सैकड़ो गाँवो में लोगों ने अबीर और गुलाल लगाकर हर्षोल्लास के साथ होली का पर्व मनाया । क्षेत्र में देर रात से ही सभी में खासा उत्साह देखने को मिला। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और मिठाइयां खिलाकर खुशियां बांटीं । होली के गीतों पर डीजे की धुन पर युवाओं ने जमकर डांस किया। क्षेत्र में होली पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के बाद बृहस्पतिवार को थाना परिसर में पुलिस प्रशासन ने जमकर उत्साह के साथ रंगों के साथ डांस कर होली खेली। उन्होंने एक दूसरे से गले मिलकर शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर एसएसआई तेजपाल सिंह, चौकी इंचार्ज धौरा टांडा विजयपाल सिंह , एसआई घनश्याम पाल , राजेश्वर यादव , सुरेंद्र दिवाकर आदि ने होली खेली ।

### छिटपुट घटनाओं के साथ क्षेत्र में होली में खेला रंग

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला बाजार जनूबी, समेत ग्राम मस्तीपुर में दो पक्षों के बीच हल्की मारपीट की घटनाएं हुई जिसमें पुलिस ने दोनों तरफ से कार्रवाई करते हुए करीब आधा दर्जन लोगों के शांति भंग में चालान किए । थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया क्षेत्र में होली का पर्व फिलहाल शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुआ । इसके अलावा पुलिस ने भी थाने पर होली मनाई एक दूसरे को जमकर रंग लगाया । होली के दिन लोगों ने आखत डाले और इसके बाद एक दूसरे के गले मिले । होली के दिन पूर्व विधायक तिलहर वीरेंद्र प्रताप सिंह मुन्ना पूर्व चेयरमैन शब्बीर अहमद, प्रधान बिलपुर सुधीर मिश्रा , आदि ने होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया।

# कैंटीन से शराब नहीं लाने पर फौजी संग मारपीट की

- बचाने आए भाई को भी पीटा, पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज
- बाजार से सामान लाने के दौरान की मारपीट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** कैंटीन से शराब की बोतल नहीं लाकर देने पर दबंग ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की। जिसमें फौजी और उसका भाई घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के सैदपुर लश्करीगंज निवासी पवन कुमार ने बताया कि उनका भाई पंकज कुमार भारतीय सेना में है। वह होली के मौके पर अवकाश पर घर आया हुआ है। पवन कुमार ने बताया कि गांव के रहने वाले रवि पटेल ने उसके फौजी भाई से कैंटीन से शराब की बोतल लाने को कहा था। उसका भाई तीन मार्च की दोपहर में कैंटीन से सामान लेकर आ रहा था, तभी रास्ते में रवि पटेल ने उससे शराब की बोतल के बारे में पूछा। उसने इनकार करते हुए कहा कि घर का सामान लाया है। इसी बात पर वह पंकज से झगड़ा करने लगा। वह मौके पर पहुंचकर बीच बचाव कराने लगा। आरोप है कि रवि पटेल ने लोगों को मौके पर बुला लिया। इसके बाद लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इसमें वह और उसका भाई घायल हो गया। तहरीर पर रवि पटेल, प्रमोद पाल, केसर पटेल, चंदन पटेल, संजू पटेल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

**अफरा-तफरी**

**ईरान के साथ अमेरिका-इजराइल का युद्ध लंबा खिंचता देख कीमतों में बढ़ोतरी की संभावना जता रहे पंप मालिक**

# तेल संकट की आशंका में पेट्रोल पंपों पर लगने लगीं कतारें

- परिवहन लागत बढ़ने से रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर भी दिखाई देगा असर
- ट्रांसपोर्टर्स पेट्रोल-डीजलों की कीमतों पर रखे हैं नजर, सरकार के निर्देश का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** अमेरिका और इजराइल के साथ ईरान का युद्ध लंबा खिंचता देखकर पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में इजाफा होनी की आशंका बढ़ने लगी है। इसके बाद लोग गाड़ियों की टंकियां फुल कराने के लिए पेट्रोल पंपों पर पहुंच रहे हैं, ताकि संभावित कीमतों में बढ़ोतरी से पहले ईंधन का सुरक्षित भंडार किया जा सके।

शहर में गुरुवार को पटेल चौक, कोहाड़ापीर, सिविल लाइंस समेत कई पेट्रोल पंपों पर दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों की कतारें रहीं। वाहन मालिकों का साफ कहना था कि अगर हालात बिगड़े और तेल की कीमतें बढ़ीं, तो इसका असर सीधे आम उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। हालांकि अभी तक भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतों को लेकर किसी भी तरह की आधिकारिक बढ़ोतरी की घोषणा नहीं हुई है। चर्चा यह भी है कि कुछ पंप संचालक संभावित मूल्य वृद्धि का इंतजार कर रहे हैं। इधर, जानकारों के अनुसार, भारत अपने अधिकांश कच्चे तेल का आयात पश्चिम एशिया से करता है, इसलिए इस क्षेत्र में किसी भी अस्थिरता का असर घरेलू तेल बाजार पर पड़ना स्वाभाविक है। इसका परिणाम यह होगा कि परिवहन लागत बढेग़ी, जिसका सीधा असर रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर भी पड़ेगा।



शहर में एक पेट्रोल पंप पर लगी वाहनों की कतार। ● अमृत विचार

होर्मुज बंद होने की खबर के बाद से पेट्रोल पर पर कुछ हद तक भीड़ बढ़ गई है। लोग टंकियां फुल करा रहे हैं। हालांकि, अगर अंतर्राष्ट्रीय तेल कीमतें बढ़ीं तो हमें भी खुदरा दाम बढ़ाने पड़ सकते हैं। फिलहाल इंतजार कर रहे हैं कि सरकार क्या दिशा-निर्देश देती है, ताकि उपभोक्ताओं पर अचानक दबाव न पड़े।
**-मनोहर पटेल**, पेट्रोल पंप संचालक

हमने अपनी दो गाडियों की टंकी आज ही पूरी करवा ली। अमेरिका और इजराइल के साथ बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह से बंद करने की घोषणा कर दी है। ऐसे में दामों में वृद्धि होना तय है। पेट्रोल महंगा हुआ तो सीधे हमारी घरेलू बजट पर भी असर पड़ेगा, इसलिए पहले से ही सावधानी बरत रहे हैं।
**-मुनेंद्र पाल** नौकरी पेशा

सबसे बड़ी चिंता परिवहन लागत बढ़ने की है। अगर पेट्रोल-डीजल महंगा हुआ, तो माल ढुलाई और रोजमर्रा की चीजों के दाम बढ़ेंगे। इसका असर आम उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। ट्रांसपोट्‌र्स तेल की कीमतों पर नजर रख रहे हैं। उम्मीद है सरकार जल्दी उपाय करेगी, नहीं तो असर छोटे और बड़े व्यापार पर पड़ेगा।
**-शोभित सक्सेना**, अध्यक्ष, बरेली ट्रांसपोर्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन

होर्मुज स्ट्रेट अभी बंद है। यह मार्ग दुनिया के 20 प्रतिशत तेल व्यापार के लिए बेहद अहम है। तनाव बढ़ने से जलडमरूमध्य के दोनों ओर करीब 700 टैंकर फंस गए हैं, जिससे वैश्विक तेल आपूर्ति लगभग ठप हो गई है। यही हाल रहा तो कुछ दिनों के बाद ही पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी तय है।
**-तनुज भसीन**, पूर्व चैप्टर चेयरमैन, आईआईए

## न्यूज ब्रीफ

### सूरत के नशामुक्ति केंद्र में मरीज की पीट-पीटकर की हत्या

**सूरत।** गुजरात के सूरत शहर में नशामुक्ति केंद्र में इलाज करा रहे 32 वर्षीय एक व्यक्ति की कथित तौर पर चार कर्मचारियों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी, क्योंकि उसने दवा लेने से इनकार कर दिया था। पुलिस के अनुसार, यह घटना यहां डुमास क्षेत्र में स्थित रीवा व्यसन मुक्ति और पुनर्वास केंद्र में हुई। सहायक पुलिस आयुक्त श्वेता डेनियल ने पत्रकारों को बताया कि धवल राठौड़ (32) की मौत के लिए जिम्मेदार चार लोगों में दो परामर्शदाता, एक वार्ड ब्वाय और एक चालक शामिल हैं। धवल राठौड़ को 28 फरवरी को नशा मुक्ति उपचार केंद्र में भर्ती कराया गया था। डेनियल ने बताया, "राठौड़ ने दवा लेने से इनकार कर दिया, जिसके बाद उन्होंने उसकी पिटाई की।

### नीतीश को राज्यसभा भेजना जनादेश से विश्वासघात : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा भेजने को तख्तापलट कर सत्ता पर कब्जा करने की कार्यवाही करार दिया और कहा कि भाजपा ने राज्य की जनता के साथ वही विश्वासघात किया है जिसकी आशंका पहले से ही जताई जा रही थी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर पर कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के दौरान ही कांग्रेस बार-बार यही बात कह रही थी, और अब वही सच साबित हो गया है। साजिश के तहत बिहार में तख्तापलट कर सत्ता पर कब्जा कर लिया गया है।

### सीजेआई सूर्यकांत ने थिम्पू में भूटान नरेश से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने बृहस्पतिवार को थिम्पू में भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मुलाकात की। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने इस दौरान भूटान में न्यायिक प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण और विकास में तकनीकी सहायता और सर्वोत्तम प्रथाओं के विकास के लिए व्यापक समर्थन की पेशकश की। अधिकारियों ने बताया कि सीजेआई ने बुधवार को भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे से भी मुलाकात की और न्यायिक सहयोग, कानूनी शिक्षा, तकनीकी चुनौतियों और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की।

### आठवें केंद्रीय वेतन आयोग ने मांगे सुझाव

**नई दिल्ली।** आठवें केंद्रीय वेतन आयोग ने सेवारत कर्मचारियों/पेंशनभोगियों के संघों ,यूनियनों, संगठनों , संस्थानों के साथ-साथ कर्मचारियों, पेंशनभोगियों और इच्छुक व्यक्तियों से आयोग की तैयार की जाने वाली सिफारिश के बारे में ज्ञापन , प्रतिनिधित्व आमंत्रित करने के लिए आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन संरचित प्रारूप उपलब्ध कराया है। आयोग की ओर से गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रतिवेदन 30 अप्रैल, 2026 तक ज्ञापन और सुझाव तथा प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

# ईरान-इजराइल युद्ध : छठे दिन अजरबैजान तक पहुंची युद्ध की चिंगारी, दोहा में सुने गए धमाके

## धमाके के बाद बंद किया गया अजरबैजान का हवाई अड्डा, फारस की खाड़ी में अमेरिकी तेल टैंकर पर भी मिसाइल हमला

तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी

ईरान और अमेरिका-इज़राइल के बीच जारी युद्ध के छठे दिन अज़रबैजान भी संघर्ष के घेरे में आ गया। अज़रबैजान ने अपनी सरजमीं के एक हवाई अड्डे पर धमाके के बाद कहा कि ईरान के ड्रोन उसके ठिकानों पर हमला कर रहे हैं। इस बीच, कतर की राजधानी दोहा में भी धमाके सुने गए। इस बीच ईरान में तेहरान और करज शहरों में इजराइली सेना ने भी जोरदार हमला किया।

अजरबैजान के विदेश मंत्रालय ने आधिकारिक बयान जारी कर कहा है कि ईरान की ओर से दागे गए कई ड्रोन उनके क्षेत्र में गिरे हैं। इनमें से एक ड्रोन ने हवाई अड्डे की टर्मिनल बिल्डिंग को क्षतिग्रस्त किया है, जबकि दूसरा एक स्कूल भवन के पास जाकर गिरा। मंत्रालय ने इस घटना पर कड़ी आपत्ति जतायी और साथ ही ईरान से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि इस तरह की घटना दोबारा न हो। मंत्रालय ने अज़रबैजान में ईरान के राजदूत को भी अपनी कड़ी प्रतिक्रिया ज़ाहिर करने के लिए तलब किया। इस बीच, ईरान के रिवोल्यूशनरी गाड्र्स (आईआरजीसी) ने दावा किया कि उसकी नौसेना ने फारस की खाड़ी में एक अमेरिकी तेल टैंकर को निशाना बनाया। इस हमले के बाद जहाज पर भीषण आग लग गई है।

इसी दौरान युद्ध की आग ईरान की सीमाओं से बाहर निकलकर कतर तक पहुंच गई। कतर की राजधानी दोहा के ऊपर आसमान में गुरुवार को कई शक्तिशाली विस्फोट सुने गए। दावा किया गया कि कतर की रक्षा प्रणालियों ने राजधानी की ओर आ रही मिसाइलों को हवा में ही नष्ट किया है, इस दौरान क्षेत्र में भारी तनाव व्याप्त रहा। कतर ने एहतियात के तौर पर दोहा में अमेरिकी दूतावास के पास रहने वाले लोगों को कुछ समय के लिए दूसरी जगह भेजना भी शुरू कर दिया।

दूसरी ओर इज़राइल की ओर से ईरान के खिलाफ हमलों की एक नई लहर शुरू करने की घोषणा के बाद तेहरान और करज के आसमान धमाकों की गूंज से दहल उठे। इज़राइली सेना ने एलान किया कि वह ईरान के भीतर चुनिंदा ठिकानों पर अपने सैन्य अभियान को और तेज कर रही है। हिंद महासागर में भी युद्ध की परछाईं पहुंची है। श्रीलंका सरकार के अनुसार, एक और ईरानी युद्धपोत उनके प्रादेशिक जल क्षेत्र में है। यह घटना उसी क्षेत्र के पास हो रही है जहां बुधवार को एक अमेरिकी पनडुब्बी ने ईरानी पोत को नष्ट कर दिया था। ईरान ने श्रीलंका के पास हिंद महासागर में हुए हमले में डूबे ईरानी नौसैनिक पोत आईरिस डेना पर मारे गए नाविकों के सभी शव उसे सौंपे जाने का अनुरोध किया है।

### अब तक ईरान पर 13 सौ से ज्यादा हमले

ईरानी रेड क्रेसेंट सोसाइटी ने इस युद्ध के मानवीय पक्ष पर एक भयावह रिपोर्ट जारी की है। संस्था के अनुसार, पिछले शनिवार से अब तक अमेरिकी और इज़राइली सेनाओं की ओर से कुल 1,332 हमले किए जा चुके हैं। इन भीषण सैन्य कार्यवाहियों में अब तक ईरान में 1270 और लेबनान में 77 लोगों की मौत हो चुकी है। लेबनान के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी इज़राइली बमबारी जारी है। ताजा हमलों में दक्षिणी लेबनान के गांवों में आठ लोगों की मौत हो गई। सरकारी नेशनल न्यूज़ एजेंसी के मुताबिक, दक्षिणी लेबनान में अल-क़लैलाह के पास सुबह-सुबह एक इज़राइली ड्रोन ने एक कार पर हमला किया, जिसमें तीन लोग मारे गए। पूर्वी लेबनान में ज़हले रोड पर एक कार को निशाना बनाकर किये गए एक और ड्रोन हमले में दो और लोग मारे गए।



अमेरिका और इजराइल की सेना ने तेहरान पर बृहस्पतिवार को जबर्दस्त बमबारी की जिसके बाद शहर में धुएं के गुबार उठते दिखाई दिए।

### अमेरिकी हमले में नष्ट हुआ तेहरान का 12,000 सीटों वाला स्टेडियम

अमेरिकी हमले में ईरान की राजधानी तेहरान में गुरुवार को 12,000 सीटों वाला एक स्पोर्ट्स स्टेडियम नष्ट हो गया। ईरान ने अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के उन आरोपों को पूरी तरह से खारिज कर दिया जिनमें कहा गया था कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर रहा है। ईरान के उप विदेश मंत्री माजिद तख्त-रवांची ने कहा कि उनके देश का एटम बम बनाने का कोई इरादा नहीं है। ईरान ने इराक के कुर्द क्षेत्र में अलगाववादी समूहों को निशाना बनाते हुए सैन्य अभियान शुरू किया है। इससे पहले, यह खबरें थी कि अमेरिका और इजरायल इन समूहों को हथियार और गोलाबारूद आपूर्ति करेंगे।

### इटली खाड़ी देशों को देगा वायु रक्षा सहायता

खाड़ी देशों पर ईरान के हमलों को देखते हुए इटली ने इन देशों को वायु रक्षा सहायता देने का फैसला किया है। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने एक रेडियो कार्यक्रम में कहा कि वह इन देशों के लिए वायु रक्षा सहायता देने की योजना बना रही हैं। उन्होंने कहा कि इन देशों में हज़ारों की तादाद में इतालवी लोग रहते हैं। साथ ही यहां इतालवी सैनिक भी तैनात हैं, जिनकी रक्षा करना ज़रूरी है। इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो ने गुरुवार को संसद में कहा, हम सभी को मदद के लिए निवेदन मिला है। हम मिलकर जांच कर रहे हैं, जिसमें ज़िम्मेदारी कैसे बांटनी है, यह भी शामिल है। इससे पूर्व, स्पेन के रक्षा मंत्री ने एक बयान में कहा कि वह साइप्रस की मदद के लिए सेना भेजेंगे। यूनान और फ्रांस ने ब्रिटेन के एयर बेस को साइप्रस में निशाना बनाए जाने के बाद मदद भेजने का निर्णय लिया।



ड्रोन हमले के बाद सन्नाटे में डूबा अजरबैजान का हवाई अड्डा।

### कई देश अपनी सेना भेजने के लिए तैयार

दूसरी ओर, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा है कि वह ईरान में सेना उतारने की संभावना को ख़ारिज नहीं कर सकते। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में अपने दौरे के दौरान कहा कि अगर ज़रूरत पड़ी तो कनाडा उचित समय पर अपने साथियों की सहायता करेगा। स्पेन, फ्रांस और नीदरलैंड्स के बाद अब इटली ने भी ईरानी ड्रोन हमलों के मद्देनजर आने वाले दिनों में साइप्रस की सुरक्षा के लिए अपनी नौसेना भेजने का फैसला किया है। इस बीच, अमेरिकी रक्षा मंत्री पीटर हेगसेथ ने कहा, यह अभियान चार हफ्ते भी रह सकता है और छह हफ्ते तक भी जारी रह सकता है। या फिर इसमें आठ हफ्ते भी लग सकते हैं या फिर तीन हफ्ते लग सकते हैं।



ईरानी हमले के बाद अजरबैजान में क्षतिग्रस्त स्कूल की इमारत।

### ईरानी मिसाइल ने बहरीन में सरकारी तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया

**दुबई।** बहरीन ने गुरुवार को कहा है कि ईरान की मिसाइल ने एक सरकारी तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया है। बहरीन ने कहा कि आग बुझा दी गई और रिफाइनरी में कच्चे तेल का शोधन जारी है। इस हमले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यह क्षेत्र के तेल उद्योग को निशाना बनाकर किया गया ईरान का एक और हमला था।

### ईरान अपने अगले सर्वोच्च नेता के चयन में अमेरिका को शामिल करे: ट्रंप

**दुबई।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी समाचार वेबसाइट 'एक्सियोस' को बताया है कि ईरान के अगले सर्वोच्च नेता के चयन में उन्हें शामिल किया जाना चाहिए। ट्रंप ने कहा कि दिवंगत अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे मोजतबा खामेनेई का सर्वोच्च नेता के तौर पर चयन 'अस्वीकार्य' होगा।

### अमेरिकी सेना के भारतीय बंदरगाहों के इस्तेमाल का दावा गलत: भारत

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजराइल-ईरान युद्ध के बीच भारत ने उन दावों को नकार दिया है जिनमें कहा गया था कि ईरान के खिलाफ हमले में अमेरिका भारतीय बंदरगाहों का इस्तेमाल कर रहा है। यह प्रतिक्रिया एक पूर्व अमेरिकी कर्नल के उस दावे के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिकी नौसेना मौजूदा संघर्ष में भारतीय बंदरगाहों का सहारा ले रही है। अमेरिकी चैनल 'वन अमेरिका न्यूज नेटवर्क' (ओएएनएन) को दिए साक्षात्कार में कर्नल डगलस मैकग्रेगर ने कहा, हमारे सभी ठिकाने नष्ट हो गए हैं। हमारे बंदरगाह प्रतिष्ठान नष्ट हो गए हैं। हमें वास्तव में भारत और भारतीय बंदरगाहों पर निर्भर होना पड़ रहा है। नौसेना का यही कहना है और मुझे लगता है कि हमारी निराशा के बावजूद ईरान बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। इस दावे को फर्जी बताते हुए पीआईबी तथ्य जांच ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, अमेरिका स्थित चैनल पर अमेरिकी सेना के पूर्व कर्नल डगलस मैकग्रेगर ने एक बयान दिया है, जिसमें कहा गया है कि चल रहे ईरान-अमेरिका संघर्ष में अमेरिका ईरान पर हमला करने के लिए भारतीय नौसेना के ठिकानों का इस्तेमाल कर रहा है। यह दावा फर्जी है।

- **पूर्व अमेरिकी कर्नल ने कहा था- ईरान ने हमारे बंदरगाह नष्ट कर दिए, हम भारत के बंदरगाह कर रहे इस्तेमाल**

# ईरान ने इजराइल पर किए ताबड़तोड़ मिसाइल हमले

- **युद्धपोत डुबोने के बाद हुआ आक्रामक, पूरे क्षेत्र में सैन्य-आर्थिक ढांचे को नष्ट करने की धमकी दी**

**दुबई।** अमेरिकी पनडुब्बी के एक ईरानी युद्धपोत को डुबोने की घटना के बाद ईरान ने बृहस्पतिवार तड़के युद्ध के छठे दिन इजराइल को निशाना बनाकर कई मिसाइलें दागीं। ईरान ने पूरे क्षेत्र में सैन्य और आर्थिक बुनियादी ढांचे को नष्ट करने की धमकी भी दी है।

इस हमले की इजराइल द्वारा घोषणा किए जाने से कुछ ही समय पहले उसकी सेना ने कहा कि उसने लेबनान में ईरान समर्थित हिजबुल्ला चरमपंथी समूह को निशाना बनाते हुए नए हमले शुरू कर दिए हैं। अमेरिका और इजराइल ने बुधवार को ईरान के सुरक्षा बलों और प्रशासनिक संस्थानों को निशाना बनाते हुए बमबारी तेज कर दी थी। ईरान पर हमलों की तीव्रता इतनी भीषण थी कि सरकारी टेलीविजन ने घोषणा की कि संघर्ष की शुरुआत में मारे गए ईरानी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के लिए आयोजित शोक समारोह को स्थगित करना होगा। अयातुल्ला अली खामेनेई के पूर्ववर्ती अयातुल्ला रुहोल्ला खोमैनी के अंतिम संस्कार में 1989 में लाखों लोग शामिल हुए थे।

अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को ईरान के प्रमुख नेतृत्व, मिसाइल भंडार और परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाते हुए युद्ध की शुरुआत की और यह संकेत दिया कि उनका लक्ष्य ईरान में सरकार को गिराना है। सटीक लक्ष्य और समयसीमा में बार-बार बदलाव के कारण इस युद्ध के अनिश्चित काल तक जारी रहने की आशंका है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध के मोर्चे पर 'शानदार प्रदर्शन' के लिए बुधवार को अमेरिकी सेना की प्रशंसा की।

- संघर्ष बढ़ने के साथ ही ईरान ने बहरीन, कुवैत और इजराइल पर हमले किए। तुर्किये ने कहा कि उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की रक्षा प्रणाली ने ईरान से दागी गई एक बैलिस्टिक मिसाइल को तुर्किये के हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले ही रोक दिया। अधिकारियों के अनुसार, इस युद्ध में ईरान में 1,000 से अधिक, लेबनान में 70 से अधिक और इजराइल में लगभग 12 लोग मारे गए हैं।
- युद्ध ने दुनिया भर में तेल और गैस की आपूर्ति को बाधित कर दिया है, अंतरराष्ट्रीय नौवहन बाधित हुआ है जबकि पश्चिम एशिया में लाखों यात्री फंसे हुए हैं। ईरान के अर्द्धसैनिक 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' द्वारा 'क्षेत्र के सैन्य और आर्थिक बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाने' की धमकी के बाद पड़ोसी देश बृहस्पतिवार को संभावित खतरों को लेकर सतर्क हैं। नागरिकों को सुरक्षित रखने के उपाय किए जा रहे हैं।
- कतर के गृह मंत्रालय ने कहा कि अधिकारी दोहा में अमेरिकी दूतावास के पास रहने वाले निवासियों को एहतियात के तौर पर निकाल रहे हैं, हालांकि उन्होंने इस बारे में और अधिक जानकारी नहीं दी। संयुक्त अरब अमीरात के दुबई शहर में बृहस्पतिवार सुबह लड़ाकू विमानों की आवाज सुनी गई जबकि कुवैत के तट पर हुए एक नए हमले से वाणिज्यिक जहाजों को खतरे की आशंका बढ़ गई है।

### मध्य पूर्व में सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा रद्द

**नई दिल्ली।** सीबीएसई ने पश्चिम एशिया में 11 मार्च तक निर्धारित कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएं रद्द कर दी है। इन अभ्यर्थियों के लिए परिणाम घोषित करने का तरीका जल्द घोषित होगा। सीबीएसई ने कहा, पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति के कारण बोर्ड ने 11 मार्च तक निर्धारित कक्षा 10 की परीक्षाएं रद्द करने का निर्णय लिया है। 12वीं की सात मार्च को निर्धारित परीक्षा स्थगित कर दी गई है और भविष्य की परीक्षाओं के लिए स्थिति की समीक्षा की जाएगी।

# ट्रंप के लगाए नए वैश्विक शुल्क के खिलाफ अमेरिका के 20 राज्यों ने दायर किया वाद

वाशिंगटन, एजेंसी

- **अमेरिकी राष्ट्रपति पर शक्तियों के दुरुपयोग का लगाया आरोप**

अमेरिका में बृहस्पतिवार को 20 से अधिक राज्यों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गये नये वैश्विक शुल्क को चुनौती देते हुए वाद दायर किया। शुल्क मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद राज्यों द्वारा वाद दायर करना ट्रंप के लिए एक झटका माना जा रहा है।

इस मुकदमे की अगुवाई कर रहे डेमोक्रेटिक अटॉर्नी जनरल का तर्क है कि ट्रंप दुनिया के अधिकांश हिस्सों पर 15 प्रतिशत शुल्क लगाने की योजना के साथ अपनी 'शक्ति का दुरुपयोग' कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका के लंबे समय से चले आ रहे व्यापार घाटे को कम करने के लिए ये शुल्क आवश्यक हैं। उन्होंने 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 122 के तहत शुल्क लगाए। उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल आपातकालीन शक्तियों के कानून के तहत उनके द्वारा लगाए गए शुल्कों को रद्द कर दिया था।

धारा 122, जिसका आज तक कभी प्रयोग नहीं किया गया है, राष्ट्रपति को 15 प्रतिशत तक का शुल्क लगाने की अनुमति देती है, हालांकि संसद द्वारा इसे विस्तारित न किए जाने पर यह अवधि पांच महीने तक सीमित रहती है। इस वाद का नेतृत्व ओरेगन, एरिजोना, कैलिफोर्निया और न्यूयॉर्क के अटॉर्नी जनरल कर रहे हैं। राज्यों का तर्क है कि धारा 122 का उद्देश्य केवल विशिष्ट, सीमित परिस्थितियों में उपयोग करना है, और यह ट्रंप को व्यापक आयात कर लगाने का अधिकार नहीं देती है। उनका यह भी कहना है कि इन शुल्कों से राज्यों, व्यवसायों और उपभोक्ताओं के लिए लागत बढ़ जाएगी।

# अमेरिका-भारत के बीच व्यापार समझौता अंतिम चरण में : अमेरिकी उपविदेश मंत्री

- **कहा- भारत की अल्पकालिक और दीर्घकालिक ऊर्जा जरूरत पूरी करेंगे**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में संकट के बाद कच्चे तेल की आपूर्ति में व्यवधान की आशंकाओं के बीच अमेरिकी उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ ने कहा कि अमेरिका भारत की अल्पकालिक और दीर्घकालिक ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उसके साथ मिलकर काम करेगा।

फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित संकरे जलमार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य को ईरान द्वारा अवरुद्ध कर देने के बाद वैश्विक तेल और गैस की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। वैश्विक तेल और एलएनजी का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा इसी मार्ग से ले जाया जाता है। भारत कच्चे तेल की अपनी 88 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस की 50 प्रतिशत आवश्यकता की पूर्ति आयात से करता है।

रायसीना डायलॉग में लैंडौ ने कहा, मुझे उम्मीद है कि भारत वैकल्पिक स्रोतों के बारे में सोच रहा है। मुझे अमेरिका से बेहतर कोई वैकल्पिक स्रोत नहीं दिखता, हम भारत के साथ सहयोग करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, हम आपके साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि आपकी अल्पकालिक और दीर्घकालिक ऊर्जा आवश्यकताएं पूरी हों। लैंडौ ने भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते का भी जिक्र किया और कहा कि यह अब लगभग अंतिम चरण में है।

# वायुसेना का सुखोई-30 एमकेआई असम में लापता, तलाश अभियान

नई दिल्ली, एजेंसी



वायु सेना का एक सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान बृहस्पतिवार को असम के जोरहाट एयरबेस से उड़ान भरने के कुछ समय बाद लापता हो गया। उसकी तलाश के लिए व्यापाक अभियान शुरू किया गया है।

अधिकारियों ने कहा कि रूसी मूल के विमान के साथ संपर्क रात 7:42 बजे टूट गया था और इसके बाद विमान का पता लगाने के लिए तलाश अभियान शुरू किया गया। वायुसेना ने सोशल मीडिया पर कहा, "वायुसेना का सुखोई-30 एमकेआई निर्धारित समय से विलंबित है। विमान असम के जोरहाट से उड़ान भर चुका था और आखिरी बार रात 7:42 बजे उससे संपर्क हुआ था। विस्तृत विवरण पता लगाया जा रहा है। तलाश अभियान शुरू कर दिया गया है।" सुखोई 30 एमकेआई दो सीट वाला लंबी दूरी का लड़ाकू विमान है, जिसे रूसी विमान निर्माता सुखोई ने विकसित किया था। अब भारत में लाइसेंस के तहत एचएएल इसका निर्माण करता है। वायु सेना के पास ऐसे 260 से अधिक विमान हैं।

# लोकसभा अध्यक्ष को हटाने वाले नोटिस पर चर्चा 9 को

नई दिल्ली, एजेंसी

- **सदन में उपस्थित रहेंगे बिरला कार्यवाही का नहीं करेंगे संचालन**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए दिए गए नोटिस को अगले हफ्ते सोमवार को विचारार्थ लिए जाने के दौरान वह सदन की कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं करेंगे और सदस्यों के बीच बैठेंगे। बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत 9 मार्च को होगी।

लोकसभा में बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर उस दिन चर्चा हो सकती है। प्रस्ताव में, बिरला पर खुलकर भेदभाव करने का आरोप लगाया गया है। नियमों और तय प्रक्रिया के अनुसार, जब निचले सदन में प्रस्ताव पर चर्चा होगी, तो बिरला को अपना बचाव करने का अधिकार होगा। संविधान विशेषज्ञ पीडीटी आचारी ने बताया कि बिरला को प्रस्ताव के खिलाफ मत देने का भी अधिकार होगा। आचारी ने कहा कि जब प्रस्ताव सदन के समक्ष आएगा, तो बिरला कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं करेंगे, बल्कि सत्तापक्ष की अग्रिम पंक्ति में बैठेंगे। जिस दिन नोटिस दिया गया था, उसी दिन बिरला ने सदन की अध्यक्षता करना बंद कर दिया था।

आपूर्ति बंद

ईरान और इजराइल-अमेरिका युद्ध के बाद प्राकृतिक गैस की कमी से नहीं चल पा रहे भट्ठे

# गैस संकट : मोरबी में ठप होने की कगार पर सिरेमिक उद्योग

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में सिरेमिक टाइल के विनिर्माण का केंद्र माने जाने वाले गुजरात के मोरबी में स्थित लगभग 350 कारखानों के ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमले के बाद गैस आपूर्ति में आई बाधा के कारण शुक्रवार तक बंद होने की आशंका है। सिरेमिक पैनल कंपनी केपेक्सिल के चेयरमैन नीलेश जेटपरिया ने बृहस्पतिवार को यह बात कही।

मोरबी सिरेमिक एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष केजी कुंदरिया ने बताया कि मोरबी उद्योग प्रोपेन या प्राकृतिक गैस की भारी कमी का सामना कर रहा है। यह इसके संचालन के लिए, विशेष रूप से भट्ठों को जलाने और सुखाने की प्रक्रियाओं के लिए महत्वपूर्ण है। यदि 15 मार्च तक आपूर्ति बहाल नहीं होती है तो पूरा उद्योग ठप हो जाएगा। जेटपरिया ने कहा, मोरबी में लगभग 750 कारखाने हैं, जो भारत के कुल टाइल उत्पादन का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा हैं। कल तक गैस आपूर्ति न होने के कारण लगभग 350 कारखाने बंद हो जाएंगे।

उन्होंने सिरेमिक टाइल उत्पादन पर गैस आपूर्ति में बाधा के प्रभाव से संबंधित एक सवाल के जवाब में यह बात कही। पश्चिम एशिया में संकट शुरू होने के बाद से टैंकर के जरिये प्रोपेन की आपूर्ति अनियमित हो गई है। मोरबी में केवल 30 प्रतिशत उद्योग ही गुजरात गैस (शहर गैस वितरण कंपनी) से जुड़ा हुआ है।



### मोरबी में 70,000 करोड़ का है वार्षिक उत्पादन

मोरबी सिरेमिक एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जेटपरिया ने बताया कि भारत में टाइल का वार्षिक उत्पादन लगभग 70,000 करोड़ रुपये का है। इसमें से 50,000 करोड़ रुपये का उत्पादन घरेलू बाजार में इस्तेमाल होता है और शेष 20,000 करोड़ रुपये का निर्यात किया जाता है। मोरबी सिरेमिक एसोसिएशन के एक अन्य पूर्व अध्यक्ष, के जी कुंदरिया ने कहा कि प्रोपेन टैंकर से उपलब्ध आपूर्ति भी परिचालकों द्वारा कीमतें बढ़ाने के कारण महंगी हो गई है। उन्होंने कहा कि स्थिति गंभीर होती जा रही है, इसलिए सरकार को रूस से गैस आयात करने पर विचार करना चाहिए। यदि 15 मार्च तक आपूर्ति सुचारू नहीं होती है, तो पूरा उद्योग ठप हो जाएगा।

### गेल ने भी शुरू की आपूर्ति में कटौती

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी सैन्य तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आयात होने वाली तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति प्रभावित होने के बाद सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल इंडिया लिमिटेड ने कुछ ग्राहकों को गैस आपूर्ति घटाने की योजना बनाई है।

गेल इंडिया ने कहा कि उसके एलएनजी आपूर्तिकर्ता ने अपरिहार्य स्थिति नोटिस जारी किया है। इस नोटिस के जरिये अनुबंध में असाधारण एवं नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों के कारण दायित्व पूरा न कर पाने की आधिकारिक सूचना दी गई है। ऐसा संभवतः कतर में मौजूद एलएनजी संयंत्रों के कथित तौर पर बंद हो जाने के कारण हुआ है।

